# दानवीर कर्ण के जीवन के अनछुए पहलुओं को दिखाता नाटक रश्मिरथी

### राष्ट्रीय नाट्य समारोह के द्वितीय दिवस मुम्बई के कलाकारों ने दी प्रस्तुति



### महाकाव्य का नाट्य रूपांतरण देख दर्शक हुए रोमांचित एकल शैली की नाट्य विधा को मिली सराहना



**नवभारत, दमोह. संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से युवा नाट्य मंच द्वारा नगर के अस्पताल चैक स्थित मानस भवन में 21वें पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह के तृतीय दिवस शनिवार को सुरभि थियेटर ग्रुप बेगुसराय की मुम्बई इकाई द्वारा प्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर की कृति रश्मिरथी पर आधारित नाटक का मंचन किया गया.**

देश भर के दिग्गज कलाकारों द्वारा सराहा गया.यह नाटक एकल शैली की नाट्य विधा से जुड़ा हुआ है.ऐसे में इस नाटक के निर्देशक और कलाकार को नाटक की विषयवस्तु अत्यंत कसी हुई रखना आवश्यक थी,जिसमें इस नाटक के निर्देशक हरीश हरिऔथ पूरी तरह सफ्ल रहे है.नाटक की कहानी कर्ण के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करती है और इन पहलुओं से हमारे समाज की मौजूद विसंगतियों को भी दर्शाया गया है.कहानी कर्ण के जीवन में हुआ सामाजिक अन्याय और उससे उपजे आत्मीय सम्मान के भाव पर केंद्रित होता है.जिसमें सूर्य पुत्र होकर भी कर्ण को ना सिर्फ उसे त्याग सहना पड़ता है. महान योद्धा, महान दानवीर, प्रतिभाशाली होने के बाद भी उसे किस तरह से समाज में अपनी पहचान के लिए संघर्ष करना होता है.इस पहचान और सम्मान को देने बाले दुर्योधन के प्रति उसका सम्मान, समर्पण, कृतज्ञता के लिए भगवान कृष्ण का संदेश और चेतावनी के बाद भी अपना सर्वस्व दे देना ही कर्ण का प्रतीक बताया गया है.नाटक के निर्देशन के साथ अभिनय की जिम्मेदारी भी हरीश हरिऔथ ने निभाई है अपने अभिनय से वह नाटक के प्रत्येक पक्ष को जनमानस के मन मस्तिस्क में उतारने में सफ्ल रहे है. संगीत पक्ष में आधुनिक दौर में रिकॉर्डेट संगीत के साथ परंपरागत तरीकों और लाइव संगीत दोनो का प्रयोग किया गया है और संगीतकार विष्णुदेव दास और आशीष कुलकर्णी,सदानंद वासुदेव मल्लिक ने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभाया है.आशीष कुलकर्णी ने ही प्रकाश संयोजन किया है.अजय कुमार भारती ने मंच सज्जा को कालखंड के अनुसार रचा है और दर्शक मंच को देखकर कालखंड से खुद को जोड़ लेते है। प्रकाश संरचना राष्ट्रीय नाट्य विधालय के संजय कुमार सोनू और सहयोग जयंत गाडेकर और दिनेश कुमार गुप्ता का रहा है.

#### आज होगा लछिया का मंचन

नाट्य समारोह के चतुर्थ दिवस स्ट्रीट फैक्ट कल्चरर एंड वेलफेयर सोसायटी भोपाल के कलाकारों द्वारा वसीम अली और जैकी भावसार द्वारा लिखित और वसीम अली द्वारा निर्देशित नाटक लछिया का मंचन किया गया जाएगा.

## 2 को होलिका दहन 3 को चंद्रग्रहण व 4 मार्च को होली खेली जाएगी- शास्त्री



नवभारत,दमोह।पंडित राहुल शास्त्री ने बताया कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण रहेगा जो फाल्गुन शु.15मंगलवार पू.फा. नक्षत्रे सिंह राशौ खण्डग्रास चन्द्रग्रहणम्। यह ग्रहण भारत में दृश्य होगा, ग्रहण लगने का समय-सायं 6 बजकर 14 मिनट मध्य सायं 6 बजकर 39 मिनटमोक्ष-रात्रि 7 बजकर 2 मिनट समाप्त हो जाएगा' इस ग्रहण का सूतक (वेध) तीन (3) प्रहर पहले अर्थात सुबह 9 बजकर 14 मिनट से लगेगा। वेध के समय से सोध के समय तक शास्त्रीय मतानुसार मूर्ति स्पर्श शयन व भोजन नहीं करना चाहिए।बालक, वृद्ध एवं रोगियों को भोजन के लिए निषेध नहीं हैं इस ग्रहण का फ्ल पू.फा. नक्षत्र सिंह राशिवालों के लिए विशेष अनिष्टकारक रहेगा।

# जगथर पंचायत में सीसी सड़क निर्माण में फर्जीवाड़ा

### पतली परत बिछाकर किया गया शासकीय राशि का गबन

**नवभारत, पथरिया 28 फरवरी। ग्राम पंचायत जगथर के खिरका मोहल्ला में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना और राज्य वित्त आयोग के तहत स्वीकृत लाखों रुपए के कार्यों में सरपंच, सचिव की मिलीभगत से ग्रामीणों द्वारा भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है। लाखों रुपए का भुगतान के पश्चात भी धरातल पर सिर्फ धूल दिखाई दे रहीं है।**

शासकीय पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार ग्राम जगथर के खिरका मोहल्ला में दो प्रमुख कार्यों के लिए ग्राम पंचायत को 800000 रुपए की राशि आवंटित की गई थी, जिसमे सीसी रोड निर्माण कार्य खिरका मोहल्ला से हनुमान मंदिर तक सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण के लिए एवं 300000 रुपए की राशि स्वीकृत हुई और पुलिया निर्माण कार्य मदन विश्वकर्मा के घर के सामने नाले पर पुलिया निर्माण हेतु 500000 रुपए की भारी-भरकम राशि मंजूर की गई।



#### लाखों रुपये का भुगतान पहले ही कर दिया

हैरानी की बात यह है कि शासकीय रिकॉर्ड में कार्य की स्थिति अभी भी दिखाई दे रही है, लेकिन इसके बदले में लाखों रुपए का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। कुल मिलाकर स्वीकृत 3,00,000 की सड़क राशि में से अधिकांश हिस्सा निकाला जा चुका है जबकि धरातल पर काम अपूर्ण और मानक के अनुसार नहीं है। ग्रामीणों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी से उक्त सड़क की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रहीं हैं।

#### सरपंच की मनमानी

ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच की मनमानी से 8 इंच मोटी सड़क निर्माण की जगह केवल 1 इंच की सड़क बनाई गई हैं। ग्रामीण युवाओं का आरोप है कि सीसी रोड के निर्माण में घटिया सामाग्री एवं तकनीकी अनिमितताएं बरती गई है। पतली परत बिछाकर शासकीय राशि का गबन कर लिया गया है।

# स्कूल के छात्र से मारपीट

### मेडिकल में भर्ती



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/ दमोह. स्थानीय प्राइवेट स्कूल के एक 9 वर्षीय छात्र जो तीसरी कक्षा में पढ़ता था,छात्र की किसी गलती पर टीचर ने पिटाई कर दी. टीचर की पिटाई से आहत छात्र सदमें से सात दिन बाद भी नहीं उबर सका और हालात गंभीर होने पर छात्र को जबलपुर में भर्ती करना पड़ा.**

इस संबंध में जानकारी लेने पर पता चला कि दामोदर नामदेव का पुत्र पब्लिक स्कूल में तीसरी क्लास में पढ़ता है. काव्य नाम है उसे स्कूल के टीचर ने मारा था. वह 7 दिन बाद भी सदमे से नहीं उबरा और गंभीर रूप से बीमार हो गया.जिसे जबलपुर के चिरायु अस्पताल में भर्ती किया है. टीचर पुरुष है या महिला यह तो बच्चे के स्वस्थ होने या जांच के बाद ही पता चलेगा.पर बच्चों को मारने की शासन द्वारा मनाही के बावजूद टीचरों द्वारा बच्चों को मारना गलत है.स्थानीय लोगों में रोष है,साथ ही परिजन भी स्कूल प्रबंधन से नाराज है.

## सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन



**नवभारत, पथरिया/ दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र व छात्रा ईकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवें दिवस सफ्लता पूर्वक समापन हुआ उल्लेखनीय है, कि छात्र इकाई का शिविर ग्राम मिर्जापुर एवं छात्रा इकाई का शिविर ग्राम टीला में दिनांक 21/02/2026 से 27/02/2026 तक आयोजित किया गया है।शिविर का संयुक्त समापन ग्राम मिर्जापुर में आयोजित किया गया था मां सरस्वती तथा युवा युग प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा चतुर्वेदी तहसीलदार पथरिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी अमित मिश्रा व विशिष्ट अतिथि ग्राम मिर्जापुर के सरपंच अजीत पटेल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार वर्मा ने की स्वयं सेवकों व स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नशा मुक्ति नाटक एवं बुंदेली छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण रहे।सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जगदीश प्रसाद अहिरवार व कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई ने प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि दीपा चतुर्वेदी ने स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी ने इन सात दिनो में जो सीखा उसे अपने जीवन में उतारे विशिष्ट अतिथि अमित मिश्रा ने कहा कि सेवा जीवन का आधार है।



## सेवानिवृत्त के आर पांडे को दी बिदाई

नवभारत,दमोह। 39 वर्षों तक स्वास्थ्य विभाग में सतत सेवाएं देने वाले वरिष्ठ एनएमए तथा म.प्र. स्वा. कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष केआर पांडेय का विदाई व सम्मान समारोह स्थानीय गुरु कृपा होटल में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ. आरके अठ्या ने की तथा मुख्य अतिथि पत्रकार नरेंद्र दुबे रहे।मंचासीन अतिथियों ने तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने केआर पांडेय को शॉल, श्रीफ्ल तथा उपहार भेंटकर उनके सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की, अभिनंदन पत्र का वाचन किया.

# आगामी पर्वों को मनाए जाने को लेकर जिला शांति समिति की बैठक

### होलिका दहन, धुरेड़ी (होली) व रंग पंचमी में जिला मजिस्ट्रेट ने दिये दिशा निर्देश



**नवभारत,दमोह.** आगामी पर्व होलिका दहन, धुलेंडी (होली) व रंग पंचमी पर्व मनाए जाने संबंधी शांति समिति की बैठक कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में में संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया, शांति समिति सदस्यगण, जिले के गणमान्य नागरिकगण व अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने उक्त पर्वों को शांति/सद्भावना से मनाए जाने व संबंधित विभागों से व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूर्व वर्षों की भांति सुचारू व व्यवस्थित संचालन हेतु तत्पर है, जिसमें समिति सदस्यों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।आगामी पर्व के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की तिथि आयोजकों, सदस्यों से प्राप्त कर कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया। बैठक मे समिति सदस्यों ने बताया 02 मार्च सोमवार को होलिका दहन तथा 08 मार्च रविवार को रंगपंचमी मनाई जायेगी।जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने समिति सदस्यों के साथ आगामी पर्वों के संबंध में विस्तृत चर्चा संबंधित विभागों को निर्देशित किया होली के दौरान मंदिरों में कार्यक्रम होते हैं तथा महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रहती है, ऐसे स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



होली,ईद को लेकर सिटी कोतवाली दमोह में पुलिस प्रशासन ने दमोह शहर के गणमान्य जनों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की. इस अवसर पर सीएसपी एचआर पांडे,तहसीलदार रॉबिन जैन, सीएमओ राजेंद्र सिंह,टीआई कोतवाली मनीष कुमार गणमान्य जन, पत्रकार गण मौजूद रहे.



होली व ईद पर्व को शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जबलपुर नाका चौकी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक का आयोजन चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल के नेतृत्व में किया गया.जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाज सेवियों व पत्रकारों की उपस्थिति रही.बैठक में आगामी होली व ईद पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सौहार्द कायम रखने तथा अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई.


## आज से विशेष अभियान की शुरुआत



**नवभारत,दमोह।** प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर से प्रारंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले में भी आज से विशेष अभियान की शुरुआत की गई.यह अभियान अगले 90 दिनों तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी व 15 वर्ष पूर्ण न करने वाली बालिकाओं को नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा. कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि एचपीवी वायरस से होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए यह टीका अत्यंत प्रभावी व सुरक्षित है. सभी पात्र बालिकाएं अपने अभिभावकों के साथ नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला चिकित्सालय में पहुंचकर टीकाकरण अवश्य कराएं.जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन इस अवसर पर सीएमएचओ डॉक्टर आरके अठिया,सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल, डॉक्टर विक्रांत चौधरी टीकाकरण अधिकारी,डॉ राजेश नामदेव, नरेश राठौर, आयुष्मान मोती पटेल रहें.

### एक नजर में

## वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना



नवभारत, दमोह. मध्य प्रदेश वन विभाग के निर्देशों के अनुसार,वीरंगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 20 फ्रवरी 2026 से 22 फ्रवरी 2026 तक गिद्धों की संख्या का आकलन किया गया। इस आकलन का उद्देश्य टाइगर रिजर्व में गिद्धों की कुल संख्या का मूल्यांकन करना था।वन मंडल वीरंगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व में 20 फ्रवरी को 951, 21 फ्रवरी को 741 व 22 फ्रवरी को 844 गिद्धो की संख्या दर्ज की गई।वर्ष 2026 के गिद्ध सर्वेक्षण के दौरान कुल सात गिद्ध प्रजातियाँ दर्ज की गईं। इनमें से सबसे अधिक संख्या भारतीय गिद्ध (लॉन्ग बिल्ड गिद्ध) की थी, उसके बाद व्हाइट रंप्ड गिद्ध की। इजिप्शियन गिद्ध की संख्या मध्यम थी, जबकि लाल सिर वाले गिद्ध की संख्या कम थी।यूरेशियन ग्रिफॉन,हिमालयन ग्रिफॉन और सिनेरियस गिद्ध जैसी प्रवासी प्रजातियाँ भी टाइगर रिजर्व में दर्ज की गईं।

## नोहटा पुलिस ने रास्ते में मिले सोने के मंगलसूत्र को किया महिला के सुपुर्द

**नवभारत,दमोह. नोहटा पुलिस को रास्ते में सोने का मंगलसूत्र (हार) बजन करीब 02 तोला कीमती करीब 03 लाख रूपये डला मिला.मंगलसूत्र (हार) मिलते ही उसके संबंध में पता तलाश की गई, जो काफी पता तलाश करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त हार सोमवती लोधी पति बसोरी सिंह लोधी निवासी ग्राम डूमर का है.** जिसके संबंध में उससे पूछतांछ की गई,जिसने बताया कि उक्त हार उसी का है व उसने इस संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत किये. तस्दीक पर हार सोमवती लोधी का ही पाया गया जो उसे वापिस किया गया.नोहटा पुलिस द्वारा उक्त हार की वापिसी में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा की मिशाल पेश की है. उक्त कार्यवाही में उनि अभिषेक पटैल थाना प्रभारी नोहटा, सउनि नागेन्द्र सिंह परिहार, प्रआर 404 सूरत सिंह, प्रआर 77 जितेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही.





## शिक्षक की दो बच्चियां बनी वर्ग -3 की शिक्षक

**नवभारत,दमोह.** हाल ही में वर्ग 3 का रिजल्ट आया है. जिसमें जानकि शरण सिंह राजपूत प्रधानाध्यापक शासकीय माध्यमिक शाला मझगुवां पतोल बड़ी बेटी प्राची राजपूत ने अंक-69 प्राप्त किए व मैरिट में-71 वां स्थान प्राप्त किया और छोटी-बेटी साक्षी ने अंक-58 प्राप्त किए व मैरिट में - 614 वा स्थान प्राप्त किया.परिवार के सभी सदस्यों में हर्ष व्याप्त है.

# पुलिस ने किया स्थाई वसूली वारंटी को गिरफ्तार

**नवभारत, दमोह. पुलिस अधीक्षक दमोह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में तथा एसडीओपी तेन्दूखेड़ा के मार्गदर्शन में लगातार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है.**

न्यायालय मोहम्मद अजहर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दमोह द्वारा लटोरी सींग लोधी के विरूद्ध स्थाई वसूली वारंट जारी किया गया था, आरोपी की दस्तयाबी में थाना प्रभारी उनि अभिषेक पटैल, सउनि नागेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक 309 श्रीराम, प्रधान आरक्षक 128 प्रदीप जोशी, प्रआर 765 कामता प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही.





गैसाबाद पुलिस ने थाना प्रभारी सौरभ शर्मा के नेतृत्व कार्यवाही करते हुए स्थाई वारंटी गणेश पिता सुक्कन अहिरवार निवासी हिनोता कलां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.इस कार्रवाई में एएसआई गोदन सिंह, एएसआई एम.एल.ठाकुर, प्रधान आरक्षक अमजद खान, आरक्षक संदीप कुर्मी, मनीष कुर्मी व अकरम खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही.



## श्री समोशरण महामंडल विधान में 64 रिद्धि मंत्रों के अर्घ्य मुनि श्री पदम सागर के सानिध्य में समर्पित किए

**नवभारत,दमोह।** सकल जैन समाज के द्वारा श्री नंदी मंदिर निर्माण कार्यार्थ श्री 24 समोशरण अरहंत चक्र महामंडल विधान का आयोजन उमा मिस्त्री की तलैया में चल रहा है।विधान के पांचवें दिन मुनि संघ के सानिध्य में 64 रिद्धि मंत्रो के अर्घ्य चढ़ाए गए। संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी व आचार्य श्री समय सागर जी की मंगल प्रेरणा एवं आशीर्वाद से उनके शिष्य मुनिश्री पदम सागर एवं छुलल्क श्री तात्पर्य सागर जी जे सानिध्य में 3 मार्च तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के पांचवें दिन शनिवार को पूर्व वित्त मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया कुंडलपुर कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफसहित अनेक गणमान्य जन ने शामिल होकर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त कियइां प्रात: बेला में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया सुरेश शास्त्री अभिषेक शास्त्री मोनू भैया स्वतंत्र भैया आदि के निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक शांति धारा पूजन संपन्न हुआ।आज मुख्य शांति धारा करने के साथ श्रावक श्रेष्ठि बनकर समोशरण में पूजन का सौभाग्य राकेश पुजारी परिवार,आनंद बीएसएनल परिवार,लोकेश गांगरा परिवार,डॉ सुबोध जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

**शुभारंभ** — महिला बस्ती गृह के पास मॉडल आंगनबाड़ी के समीप प्राइम लोकेशन पर लगाया मेला

# होली के अवसर पर समूहों का आजीविका उत्पाद मेला

**नवभारत,दमोह। होली पर्व के मद्देनज़र महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा आयोजित आजीविका मेले को जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का भरपूर समर्थन मिल रहा है।मेले में स्थानीय स्तर पर निर्मित हर्बल गुलाल, नमकीन, गुजिया, खोया, घी सहित विभिन्न उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ज्ञात हो कि इस बार होली के अवसर पर महिला बस्ती गृह के पास मॉडल आंगनवाड़ी के समीप प्राइम लोकेशन पर मेला लगाया गया है।**



मेले के शुभारंभ अवसर दमोह विधायक व पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने मेले का अवलोकन करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को अपनाना समय की आवश्यकता है। हमारा स्थानीय सामान अगर हम नहीं खरीदेंगे, तो कौन खरीदेगा, यह हमारे देश के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री की सोच है कि जो यहाँ बने, उसे खरीदें। उन्होंने मेले में उपलब्ध खाद्य सामग्री का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर के निर्माताओं से कम नहीं हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने बताया कि मेले में उपलब्ध गुलाल पूरी तरह हर्बल तरीके से तैयार किया गया है। नमकीन, गुजिया, खोया और घी जैसे उत्पाद भी स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए बनाए गए हैं।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुँचकर ऑर्गेनिक और हाइजीनिक उत्पादों की खरीदारी करें।जब तक हम इन उत्पादों को अपने जीवन में शामिल नहीं करेंगे, तब तक इन महिलाओं को स्थायी रोजगार नहीं मिलेगा।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और लोकल को वोकल बनाने की दिशा में सार्थक कदम साबित होगा।कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक शैलेंद्र श्रीवास्तव, डीएम अरविंद चंदेल, डीएम सतीश शर्मा, ब्लॉक प्रबंधक राजेंद्र उपाध्याय, सिद्धार्थ तांबे, विनीत कुमार कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक प्रबंधक जबेरा धर्मेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन एडीएम दिग्विजय सिंह पटेल के द्वारा किया गया स मेले में हर्बल गुलाल, ठंडाई, गुजिया, नमकीन, खोवा,घी,बताशे, मल्टी ग्रेन आटा, महुआ कुकीज ,बांस बर्तन, सत्तू, फ्लाहार नमकीन आदि मुख्य आकर्षण है।

## गर्भवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत,दमोह. सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका के समीप गजानन टेकरी के पास राजनंदिनी पति राज कुचबंदिया उम्र करीब 18 वर्ष ने अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जिसे तत्काल उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंच कर बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है. बता दें कि मृतिका नवविवाहिता गर्भवती हैं, परिजनों और नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की गई.